# Allahabad High Court

## Previous Year Paper

### Group C 22 July 2017

Adda247
GET IT ON Google Play

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2017

## हल प्रश्न-पत्र

(परीक्षा तिथि : 22-07-2017)

## भाग-1 : हिन्दी

**1. 'जल' का पर्यायवाची नहीं है-**

(a) नीर (b) तोय
(c) पय (d) पीयूष

**Ans : (d)** जल का पर्यायवाची– नीर, तोय, पय, सलिल, उदक, वारि आदि है जबकि पीयूष अमृत का पर्यायवाची है, अमृत के अन्य पर्यायवाची–अमिय, सुधा, मधु, सोम, जीवनोदक, सुरभोग आदि है।

**2. 'कृतज्ञ' का विलोम है-**

(a) कुकृत्य (b) कृतघ्न
(c) परोपकार (d) कपटी

**Ans : (b)**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| कुकृत्य | सुकृत्य |
| कृतघ्न | कृतज्ञ |
| परोपकार | अपकार |
| कपटी | निष्कपट |

**3. निम्न में कौन सा शब्द तद्भव है?**

(a) वत्स (b) रात्रि
(c) काज (d) वायु

**Ans : (c)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| काज | कार्य |
| बेटा/बछड़ा | वत्स |
| रात | रात्रि |
| हवा | वायु |

**4. निम्न में कौन सा शब्द तत्सम है?**

(a) भ्राता (b) कान
(c) सब (d) बयार

**Ans : (a)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| भाई | भ्राता |
| कान | कर्ण |
| सब | सर्व (सम्पूर्ण) |

बयार शब्द देशज शब्द है। जिसका अर्थ है – हवा/वायु

**5. 'वागीश' का संधि विच्छेद होगा-**

(a) वाग् + ईश (b) वाक् + ईश
(c) वाग + ईश (d) वाक् + इश

**Ans : (b)** वाक् + ईश = वागीश
इसमें व्यंजन संधि है।
नियम– वर्ग के पहले वर्ण से स्वर/व्यंजन का मेल होने पर उसी वर्ग का तीसरा वर्ण हो जाता है। जैसे–
वाक् + ईश = वागीश
जगत् + अम्बा = जगदम्बा
जगत् + ईश = जगदीश
पंच् + आब = पंजाब

**6. 'किए गए उपकार को मानने वाला' के लिए एक शब्द है-**

(a) कृतार्थ (b) कृतघ्न
(c) कृतज्ञ (d) दयालु

**Ans : (c)**

| वाक्य | | एक शब्द |
|---|---|---|
| किए गये उपकार को मानने वाला | – | कृतज्ञ |
| किये गये उपकार को न मानने वाला | – | कृतघ्न |
| दया करने वाला | – | दयालु |
| जिसका कार्य सिद्ध हो गया हो | – | कृतार्थ |

**7. 'दोहरा लाभ' अर्थ के लिए सही लोकोक्ति है-**

(a) अंधे के हाथ बटेर
(b) भागते भूत की लँगोटी ही सही
(c) अंत भला सो भला
(d) आम के आम गुठलियों के दाम

**Ans : (d)**

| लोकोक्ति | | अर्थ |
|---|---|---|
| आम के आम गुठलियों के दाम | – | दोहरा लाभ |
| अंधे के हाथ बटेर | – | बिना प्रयास बड़ी वस्तु पाना |
| भागते भूत की लंगोटी ही सही | – | जो मिल जाये वही काफी |
| अन्त भला तो सब भला | – | परिणाम अच्छा तो सब कुछ अच्छा |

**8. 'बेइज्जत करना' अर्थ के लिए सही मुहावरा है-**

(a) पाँव उखाड़ना (b) बखिया उधेड़ना
(c) पगड़ी उछालना (d) भीगी बिल्ली बनना

**Ans : (c)** 'बेइज्जत करना' मुहावरे का अर्थ– 'पगड़ी उछालना' होता है।

**9. लिंग की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य हैं-**

(a) मोटा या आदमी आया है।
(b) आपकी चरित्र अच्छी है।
(c) तुम्हारी जेब खाली है।
(d) उसकी कलम खो गयी है।

**Ans : (b)** आपकी चरित्र अच्छी है– अशुद्ध
आपका चरित्र अच्छा है– शुद्ध

**10. वचन की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य है-**

(a) प्रत्येक व्यक्ति यही कहेगा।
(b) हर एक कुआँ मीठे जल का नहीं होता।
(c) मैं उनकी सज्जनता पर मुग्ध हूँ।
(d) उसका प्राण निकल गया।

**Ans : (d)** उसका प्राण निकल गया– अशुद्ध है।
क्योंकि 'प्राण' शब्द बहुवचन होता है इसलिए शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा– उसके प्राण निकल गये।

Adda247
GET IT ON Google Play

**11. 'राजा ने ब्राह्मण को धन दिया' वाक्य के रेखांकित पद में कारक है-**
(a) कर्ताकारक (b) कर्मकारक
(c) संप्रदान कारक (d) अपादान कारक

**Ans : (c)** राजा ने ब्राह्मण को धन दिया।
इस वाक्य में राजा द्वारा धन दिया जा रहा है।जहाँ देने का भाव होता है, वहाँ 'को' में सम्प्रदान कारक होता है।

**12. निम्न में कौन सा वाक्य भूतकाल का है?**
(a) यदि वह जाता तो मैं भी जाता।
(b) मोहिनी खाती होगी
(c) उसने खाया है।
(d) मोहन ने पढ़ा है।

**Ans : (a)** यदि वह जाता तो मैं भी जाता। इस वाक्य में किसी बीते हुए जाने की बात की जा रही है। अतः वाक्य में भूतकाल होगा।

**13. किस वाक्य में वर्तनी संबंधी अशुद्धि है?**
(a) ईश्वर अंतर्यामी है।
(b) उज्जवल चाँदनी में सैर कर आनंद आता है।
(c) आपका स्वास्थ्य अब कैसा है।
(d) विद्यार्थी को स्वावलम्बी होना चाहिए।

**Ans : (b)** उज्जवल शब्द अशुद्ध है जिसका शुद्ध रूप – उज्ज्वल (उत् + ज्वल) होता है।

**14. निम्न में अनेकार्थी शब्द कौन सा है?**
(a) आयु (b) आदेश
(c) ग्रंथ (d) गुरू

**Ans : (d)** 'गुरू' शब्द के कई अर्थ है– आचार्य, बड़ा, दीर्घ, बुजुर्ग, चालाक, बहुत बड़ा धूर्त।

**15. 'जिसे नहीं जीता जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**
(a) अज्ञेय (b) अमर
(c) वीर (d) अजातशत्रु

**Ans : (*)** दिया गया विकल्प गलत है।
(1) जिसे नहीं जीता जा सके – अजेय
(2) जिसकी मृत्यु संभव न हो – अमर
(3) जिसका कोई शत्रु पैदा न हुआ हो – अजातशत्रु
(4) जो जाना न जा सके – अज्ञेय

**निर्देश- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िये और प्र. 16 से प्र. 20 का उत्तर गद्यांश के आधार पर दीजिए**

प्रथम विश्व युद्ध में मित्र-शक्तियों का प्रमुख शत्रु जर्मनी था। जर्मनी के साथ शांति-संधि का मसविदा तैयार करने के लिए मित्र राष्ट्रों का शांति सम्मेलन 18 जनवरी 1919 ई. को पेरिस में आरंभ हुआ। संयुक्त राज्य के राष्ट्रपति विल्सन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री लायड जार्ज और फ्रांसीसी प्रधानमंत्री जार्ज क्लेमेंसो सम्मेलन पर छाए रहे। जर्मनी ने इस शर्त पर आत्म समर्पण किया था कि विल्सन के चौदह सूत्र तथा अन्य वक्तव्य शांति का आधार बनेंगे। चौदह सूत्र तथा अन्य वक्तव्य शांति का आधार बनेंगे। चौदह सूत्रों के अलावा विल्सन ने यह घोषणा भी की थी कि "किसी देश के किसी प्रदेश पर अधिकार नहीं किया जाएगा, किसी से कोई आर्थिक मांग नहीं की जाएगी और न किसी से दंडस्वरूप किसी भी प्रकार का कोई हर्जाना देने को कहा जाएगा"।

**16. मित्र शक्तियों का प्रमुख शत्रु कौन था?**
(a) ब्रिटेन (b) फ्रांस
(c) जर्मनी (d) संयुक्त राज्य

**Ans : (c)** प्रथम विश्व युद्ध में मित्र शक्तियों का प्रमुख शत्रु जर्मनी था।

**17. मित्र राष्ट्रों का शांति सम्मेलन कहाँ हुआ?**
(a) लंदन (b) फ्रांस
(c) जर्मनी (d) संयुक्त राज्य

**Ans : (b)** मित्र राष्ट्रों का शांति सम्मेलन 18 जनवरी 1919 ई. को पेरिस (फ्रांस) में आरम्भ हुआ।

**18. शांति सम्मेलन के समय संयुक्त राज्य का राष्ट्रपति कौन था?**
(a) लायड जार्ज (b) जार्ज क्लेमेंसो
(c) निक्सन (d) विल्सन

**Ans : (d)** शांति सम्मेलन के समय संयुक्त राज्य के राष्ट्रपति विल्सन थे।

**19. जर्मनी के आत्म समर्पण का मुख्य आधार था-**
(a) विल्सन के चौदह सूत्र
(b) विल्सन के बारह सूत्र
(c) संयुक्त राष्ट्र संघ का दबाव
(d) शीत युद्ध

**Ans : (a)** जर्मनी के आत्म समर्पण का मुख्य आधार विल्सन के चौदह सूत्र थे।

**20. विल्सन की घोषणा में क्या शामिल नहीं था-**
(a) दंड स्वरूप हर्जाना नहीं लिया जायेगा
(b) कोई आर्थिक मांग नहीं किया जायेगा
(c) किसी देश के किसी प्रदेश पर अधिकार नहीं किया जायेगा
(d) किसी देश पर आक्रमण नहीं किया जाएगा

**Ans : (d)** विल्सन की घोषणा में किसी देश पर आक्रमण नहीं किया जाएगा शामिल नहीं था।

**21. 'सुवरण को खोजत फिरत, कवि व्यभिचारी, चोर' पंक्ति में कौन सा अलंकार है?**
(a) अनुप्रास (b) यमक
(c) श्लेष (d) रूपक

**Ans : (c)** श्लेष अलंकार– श्लेष का अर्थ चिपकाना या चिपका हुआ होता है। अतः जब कोई शब्द एक बार आए और उसका अर्थ अनेक हो अर्थात् उसके अर्थ एक से अधिक चिपके हो वहाँ श्लेष अलंकार होता है।
उदाहरण–
चरन–धरत चिन्ता करता, चितवत चहुँ ओर
सुवरन को खोजत फिरत, कवि व्याभिचारी चोर।।
इसमें सुवरन का तीन अर्थ निकल रहा है सुन्दर वर्ण, सुन्दर स्त्री तथा स्वर्ण (सोना) जिसमें कवि सुन्दर वर्ण, व्याभिचारी सुन्दर स्त्री तथा चोर स्वर्ण खोज रहा है।

**22. 'उपमेय में उपमान का निषेधरहित आरोप हो' तो कौन सा अलंकार होता है?**
(a) उपमा (b) रूपक
(c) उत्प्रेक्षा (d) अतिशयोक्ति

Adda247

GET IT ON Google Play

**Ans : (b)** उपमेय में उपमान का निषेधरहित आरोप हो तो रूपक अलंकार होता है।
उदाहरण– मुख चन्द्र है।
अर्थात् जहाँ पर मुख को चन्द्र स्वीकार किया गया है।

**23. वीभत्स रस का स्थायी भाव है-**
(a) क्रोध (b) भय
(c) विस्मय (d) जुगुप्सा

**Ans : (d)**

| रस | | स्थायी भाव |
|---|---|---|
| शृंगार | – | रति/प्रेम |
| करूण | – | शोक |
| हास्य | – | हास |
| वीर | – | उत्साह |
| रौद्र | – | क्रोध |
| वीभत्स | – | जुगुप्सा/ग्लानि/घृणा |
| भयानक | – | भय |
| अद्भुत | – | विस्मय/आश्चर्य |
| शांत | – | निर्वेद/वैराग्य |

**24. 'भाव जिसके हृदय में रहते है' उसे कहते है-**
(a) आश्रय (b) आलंबन
(c) उद्दीपन (d) आलंबनजन्य उद्दीपन

**Ans : (a)** भाव जिसके हृदय में जाग्रत होते हैं या रहते हैं उसे 'आश्रय' कहते हैं। जबकि जिसे देखकर भाव पैदा होते हैं, वह 'आलम्बन' होता है। प्रकृति चित्रण, वातावरण इत्यादि 'उद्दीपन' होते है।

**25. 'दशानन' में कौन सा समास है-**
(a) तत्पुरुष (b) कर्मधारय
(c) बहुव्रीहि (d) द्विगु

**Ans : (c)**

| पद | समास |
|---|---|
| दशानन | बहुव्रीहि |
| नीलकमल | कर्मधारय |
| ऋणमुक्त | तत्पुरुष |
| चौराहा | द्विगु |

## भाग-2 : ENGLISH

**26. Find the word that menas the same as the underlined word.**
**That the boy had not recognized the President was <u>obvious.</u>**
(a) clear (b) secret
(c) hidden (d) hazy

**Ans : (a)** That the boy had not reccognized the President was obvious यह स्पष्ट था कि लड़के ने अध्यक्ष को नही पहचाना
obvious- स्पष्ट, सुस्पष्ट
इस शब्द का समानार्थी शब्द विकल्प (a) clear- स्पष्ट, प्रत्यक्ष होगा
hidden- छिपा हुआ, गुप्त, Secret- रहस्यमयी
hazy- अस्पष्ट, धुंध से भरा

**27. Find the word that means the opposite of the underlined word.**
**Extremely high-pitched sounds can repel birds.**
(a) attract (b) absorb
(c) confuse (d) Concentrate

**Ans : (a)** Extremely high- pitched sounds can repel birds अत्याधिक तीव्रता वाली ध्वनी पक्षियो को प्रतिकर्षित कर सकती है।
repel- प्रतिकर्षित करना
इस शब्द का विलोम शब्द विकल्प (A) Attract- आकर्षित करना होगा
absorb- अवशोषित करना
confuse- भ्रमित करना
concentrate- ध्यान केंद्रित करना

**28. Find the word that means the opposite of the underlined word.**
**Real-estate prices have <u>plummeted</u> in the past six months.**
(a) completely fallen (b) plunged down
(c) multiplied twice (d) risen sharply

**Ans : (d)** Real-estate Prices have plummeted in the past six months. भूमि-भवन कि कीमते पिछले 6 महिनो में बहुत तेजी से गिरी है।
Plummet–किसी वस्तु का दाम बहुत तेजी से गिरना
इस शब्द का विलोम विकल्प (d) risen sharply–तेजी से बढ़ना होगा।
completely fallen–पूर्ण रूप से गिरना
Plunged down–तेजी से गिरना
Multiplied twice–तेजी से बढ़ना

**29. Identify the underlined part of the sentence which in not grammatically correct.**
**<u>Owing</u> to bad weather, the aeroplane <u>could not leave in its</u> expected time <u>of departure</u>.**
(a) Owing to (b) could not leave
(c) in its (d) of departure

**Ans : (c)** इस वाक्य के रेखांकित भाग could not leave in its में Preposition in के स्थान पर at का प्रयोग किया जायेगा। in का प्रयोग सामान्यतः किसी समय की अवधि को बताने के लिए किया जाता है जबकि at का प्रयोग घड़ी के समय या किसी निश्चित समय को बताने के लिए किया जाता है जैसे–
He died in 1988
I will meet at four o'clock.
I will meet you at lunch time.
यहाँ प्लेन के छूटने का समय निर्धारित होगा अतः Preposition at का प्रयोग in के स्थान पर होगा।

**30. Identify the underlined part of the sentence which is not grammatically correct.**
**The Egyptians <u>first made</u> paper <u>out from</u> papyrus <u>which grew along</u> the River Nile.**
(a) first made (b) out from
(c) which grew (d) along

**Ans : (b)** इस वाक्य के रेखांकित भाग out from के स्थान पर out of का प्रयोग किया जायेगा।
Made something out of something–किसी वस्तु का किसी वस्तु से बना होना
Make paper out of papyrus–Papyrus से कागज बनाना।

Adda247

GET IT ON Google Play

31. **Identify the underlined part of the sentence which is not grammatically correct.**
**One day a wealthy man drove out off the great big city in which he lived.**
(a) One day (b) wealthy man
(c) out off the (d) in which

**Ans : (c)** इस वाक्य के रेखांकित भाग out off के स्थान पर out of का प्रयोग किया जायेगा।
drives out of a place–कोई स्थान छोड़कर चले जाना।

32. **Identify the underlined part of the sentence which is not grammatically correct.**
**It is rare because it is the only such a map available.**
(a) It is rare (b) because it is
(c) the only (d) such a map

**Ans : (d)** इस वाक्य के रेखांकित भाग such a map के स्थान पर map that is का प्रयोग किया जायेगा। अतः शुद्ध वाक्य इस प्रकार होगा–
It is rare because it is the only map that is available.
यह दुर्लभ है क्योंकि यह ही एक मानचित्र है जो कि उपलब्ध है।

33. **Identify the underlined part of the sentence which is not grammatically correct.**
**The girl explained to them that her had always liked flying and had never been afraid of being in the air.**
(a) explained to them (b) that her had
(c) had never been afraid (d) being in the air.

**Ans : (b)** दिये गये वाक्य का रेखांकित भाग explained to them that her had में her के स्थान पर इसका Nomenative case अर्थात् Subjective (कर्ताकारक) she का प्रयोग किया जायेगा क्योंकि यह दिये गये Verb liked का Subject होगा। अतः शुद्ध वाक्य होगा–
The girl explained to them that she had always liked flying and had never been afraid of being in the air.

34. **In the following question the parts of a sentence namely P, Q, R, and S are jumbled. Choose the correct order of these ot make a grammatically correct and meaningful sentence from the given options.**
**P- impatiently for**
**Q- the movie**
**R- we sat waiting**
**S- to begin**
(a) QRSP (b) PQSR
(c) RPQS (d) RQSP

**Ans : (c)** RPQS
(R) we sat waiting (P) impatiently for (Q) the movie (S) to begin.

35. **In the following question the parts of a sentence namely P, Q, R, and S are jumbled. Choose the correct order of these to make a grammatically correct and meaningful sentence from the given options.**
**P- The minister told**
**Q- have a golden opportunity**
**R- them that businesses**
**S- to expand into new markets**
(a) SPRQ (b) PSRQ
(c) PRSQ (d) PRQS

**Ans : (d)** PRQS
(P) The minister told (R) them that businesses (Q) have a golden opportunity (S) to expand into new markets.

36. **Choose the best option to fill in the blank.**
**For____single-item billing in the supermarket you need to go to____last counter.**
(a) the, no article (b) the, a
(c) a, an (d) no article, the

**Ans : (d)** किसी भी Superlative degree के पहले तथा Ordinal adjective के पहले Article the का प्रयोग अवश्य किया जाता है। यहाँ last एक Ordinal adjective है इसके पहले the का प्रयोग अवश्य होगा और Option (d) में केवल ऐसा दिया गया है।

37. **Choose the best option to fill in the blank.**
**_____young king of Nepal plants a tree to mark _____celebration of his birth instead of spending on other festivities.**
(a) The, the (b) An, no article
(c) A, no article (d) An, a

**Ans : (a)** दोनों रिक्त स्थानों पर Definite Article 'the' का प्रयोग किया जायेगा क्योंकि यहां एक निश्चित राजा (King) तथा एक निश्चित Celebration (उत्सव) की बात की जा रही है। यहां राजा Nepal का है और उत्सव उसके जन्म का। दोनों के विषय में हमको पता है अतः definite article the का प्रयोग किया जायेगा।

38. **Choose the best option to fill in the blank.**
**The employer and his manager have come______ conflict about the implementation of the project.**
(a) over (b) in
(c) with (d) into

**Ans : (d)** The employer and his manager have come _____ conflict about the implementation project.
यहां रिक्त स्थान पर Preposition into का प्रयोग किया जायेगा।
Come into conflict–मतभेद होना, विवाद उत्पन्न होना।

39. **Choose the best option to fill in the blank.**
**The thief will not be able allowed to get______ with this robbery.**
(a) away (b) on
(c) across (d) down

**Ans : (a)** The thief will not be able allowed to get _____ with this robbery.
Note–यहाँ दिये गये प्रश्न में able या allowed में से एक का ही Verb प्रयोग होगा।
इस वाक्य के रिक्त स्थान पर विकल्प (a) away का प्रयोग किया जायेगा।
To get away with something–किसी वस्तु को चुराकर भाग जाना।
get on–किसी विशेष परिस्थिति में कुछ अच्छा करना।

Adda247

GET IT ON Google Play

**40. Choose the best option to fill in the blank.**
**Dharam decided to forget the past incidents and not hold any enemity______ his neighbor.**
(a) with (b) from
(c) against (d) by

**Ans : (c)** Dharam decided to forget the past incidents and not hold any enemity ______ his neighbor.
यहां दिये गये रिक्त स्थान पर Preposition against का प्रयोग किया जायेगा।
hold enemity against somebody–किसी से शत्रुता रखना।

**41. Choose the best option to fill in the blank.**
**We'll have to put______our vacation till my mother gets all right.**
(a) off (b) away
(c) down (d) forward

**Ans : (a)** We'll have to put ______ our vacation till my mother gets all right.
यहां दिये गये वाक्य के रिक्त स्थान पर विकल्प (a) off का प्रयोग किया जायेगा।
put off–स्थगित करना या टालना
put down–नीचे उतरना
Put forward–प्रस्तुत करना।

**42. Choose the word which means the same as the group of words given.**
**One who sees the dark side of life**
(a) Atheist (b) Cynic
(c) Mystic (d) Pessimist

**Ans : (d)** One who sees the dark side of life–ऐसा व्यक्ति जो जीवन के खराब पहलुओं की ओर ध्यान देता है।
इस वाक्य को एक शब्द में विकल्प (d) Pessimist के द्वारा व्यक्त किया जा सकता है जिसका अर्थ 'निराशावादी' होता है। अन्य विकल्पों के अर्थ–
Atheist–ईश्वर को न मानने वाला
Cynic–निन्दा करने वाला
Mystic–रहस्यवादी, आध्यात्मिक।

**43. Choose the word which means the same as the group of words given.**
**A collection of lions**
(a) Herd (b) Pack
(c) Pride (d) Troop

**Ans : (c)** A collection of lions–शेरों का एक समूह
इस वाक्य को एक शब्द में विकल्प (c) Pride के द्वारा व्यक्त किया जा सकता है। अन्य विकल्पों के अर्थ–
Herd–हाथियों का समूह
Pack–जानवरों का समूह
Troop–सैनिकों का समूह।

**44. Choose the correctly spelt word.**
(a) comption (b) competition
(c) compition (d) competetion

**Ans : (b)** दिये गये चारो विकल्पों में से केवल विकल्प (b) competition–'प्रतियोगिता' की ही वर्तनी शुद्ध है।

**Direction : Read the following passage and answer the associated questions.**

**Dispersed villages**

In dispersed type of villages the farmers live separately on their respective farms. The dwellings of the people are scattered according to the farm areas owned or cultivated by each farmer.

Dispersed villages are found on the Western Ghats of India, in Kerala, Karnataka and Maharashtra states. In Karnataka in Malnad areas such as Shimoga, Chikmagalur and Kodagu, farms and estates are normally scattered. Here often five-ten houses constitute a village.

In dispersed villages, the dwelling houses are connected with the country service road. Adjacent to the dwelling houses the farmer keeps his livestock and farm equipments. In this type of village families are forced to find services such as markets, stores, hostels, shops, schools, primary health centres and such other things in nearby towns. Since people are scattered over the area their social life may assume different forms. The dispersed villages are such that one often finds it difficult to make out where one village ends and another starts.

The people of dispersed villages have their own difficulty in defending their common interests against odds or external dangers. Each family has to do it by itself. The nucleated village in this respect has a greater advantage for it can defend its common interests collectively. The problem of self-defence of the dispersed villages has made some communities such as Nayars of Malabar and Coorgs of Kodagu to grow into martial races.

**45. What determines the size of a dispersed village in parts of Karnataka?**
(a) Land under cultivation
(b) Population
(c) Number of houses
(d) Value of property

**Ans : (c)** घरों की संख्या कर्नाटका के भागों में बिखरे हुए गांवों के आकार को निर्धारित करती है।
देखें Passage के दूसरे Paragraph की अंतिम पंक्ति।

**46. What is the special fature of such villages?**
(a) We cannot see their boundaries
(b) Farmers have no place to store their produce
(c) There is no river near them
(d) People do not know where to keep their livestock

**Ans : (a)** इस तरह के गांवों का मुख्य लक्षण उनकी सीमाओं का न होना है।

**47. What is the most crucial concern for people living dispersed villages?**
(a) Water (b) Safety
(c) Weather (d) Manpower

Adda247
GET IT ON Google Play

Ans : (b) Safety (सुरक्षा) बिखरे हुये गांवों में रहने वाले लोगों की सबसे अधिक चिन्ता का विषय है।

48. **Which phrase from the passage best describes the opposite of dispersed villages?**
(a) Scattered over
(b) Live separately
(c) Common interests collectively
(d) Nucleated village

Ans : (d) Dispersed villages के विपरीत Nucleated village होते हैं।

49. **How do the persons in the villages defend themselves from external dangers?**
(a) Through cultural bonds
(b) By using martial art
(c) By asking nearby towns
(d) With enhanced communication modes

Ans : (b) Dispersed village में रहने वाले लोग अपने आपको martial art का प्रयोग करके बचाते हैं।

50. **Find the word that means the same as the underlined word.**
**The snacks served at the wedding were delicious.**
(a) rich (b) heavy
(c) tasty (d) fragrant

Ans : (c) Delicious–स्वादिष्ट
इसका समानार्थी शब्द विकल्प (c) tasty होगा। अन्य विकल्पों के अर्थ– Rich–धनी, Heavy–भारी, Fragrant–सुगन्धित।

## भाग-3 : सामान्य अध्ययन

51. **निम्नलिखित में से कौन सा बॉक्साइट का सबसे बड़ा उत्पादक देश है?**
(a) चीन (b) भारत
(c) अमेरिका (d) ऑस्ट्रेलिया

Ans : (d) बॉक्साइट का सबसे बड़ा उत्पादक देश ऑस्ट्रेलिया (केपयार्क प्रायद्वीप,) है। बॉक्साइट एल्यूमिनियम का प्रमुख अयस्क है। इसके उत्पादन में भारत का तीसरा स्थान है। ओडिशा (पंचमल्ली गंधमर्दन), झारखण्ड (कोडरमा, हजारी बाग), बिहार (गया, मुंगेर), राजस्थान (अजमेर, शाहपुर), महाराष्ट्र (नागपुर, रत्नागिरी), आन्ध्र प्रदेश (नेल्लौर) आदि में इनके भंडार हैं, ओडिशा तथा आन्ध्र प्रदेश में देश का 79% बॉक्साइट का संचित भण्डार है परन्तु भारत में सर्वाधिक बॉक्साइट झारखण्ड से प्राप्त किया जाता है।

52. **बांग्लादेश में तुरंत प्रवेश करने के बाद गंगा नदी को..............के रूप में जाना जाता है।**
(a) जमुना (b) पद्मा
(c) तीस्ता (d) महानन्दा

Ans : (b) गंगा का उद्गम स्थल गंगोत्री (उत्तराखण्ड) में है, यह भारत तथा बांग्लादेश में मिलाकर 2510 कि.मी. है, बांग्लादेश में इसे पद्मा के नाम से जाना जाता है, इसकी प्रमुख सहायक नदी यमुना, रामगंगा, घाघरा, ताप्ती, गंडक, कोसी आदि हैं।

53. **निम्नलिखित में से कौन सी अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की सबसे ऊंची चोटी है?**
(a) माउंट डाइवोली (b) माउंट कोयोब
(c) सैडल पीक (d) माउंट थुलीयर

Ans : (c) अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की सबसे ऊँची चोटी सैडल पीक (738 मी.) है। अंडमान-निकोबार द्वीप में दो ज्वालामुखी भी स्थित हैं– 1. बैरन (सक्रिय ज्वालामुखी) 2. नारकोंडम (सुषुप्त ज्वालामुखी)।

54. **भारतीय संविधान के 91वें संशोधन के तहत, मंत्री परिषद के सदस्यों की संख्या लोकसभा/विधानसभा के कुल सदस्यों की संख्या के............प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।**
(a) 5 (b) 10
(c) 15 (d) 20

Ans : (c) 91वें संविधान संशोधन के तहत केन्द्र तथा राज्य में मंत्रियों की संख्या सीमित कर दी गई, इसके तहत सरकार में मंत्रियों की कुल संख्या निचले सदन (लोक सभा/विधान सभा) की सदन संख्या के 15% तक हो सकेगी तथा मंत्रियों की संख्या 12 से कम नहीं हो सकेगी। इस संशोधन के तहत दल-बदल कानून में भी संशोधन किया गया।

55. **सर्वोच्च न्यायालय के कौन से न्यायधीश के विरुद्ध, भारतीय संसद में पहली बार महाभियोग चलाया गया था?**
(a) सौमित्र सेन (b) वी रामास्वामी
(c) पी. डी. दिनाकरन (d) सी. एस. कर्णन

Ans : (b) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश वी. रामास्वामी के विरुद्ध वर्ष 1993 में भारतीय संसद में महाभियोग का प्रस्ताव लाया गया। परन्तु लोकसभा में यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका।

56. **साइबर कानून, भारतीय संविधान की.............. के अंतर्गत आता है।**
(a) संघ सूची (b) राज्य सूची
(c) समवर्ती सूची (d) अवशिष्ट शक्ति

Ans : (d) भारत के संविधान में तीन प्रकार की सूचियों का प्रावधान किया गया है–संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची। संघ सूची में उन विषयों का उल्लेख है जिन पर कानून बनाने का अधिकार केवल केन्द्र सरकार को प्रदान किया गया है। राज्य सूची में ऐसे विषयों का उल्लेख है जिन पर कानून बनाने का अधिकार राज्यों को उपलब्ध है। कुछ ऐसे भी विषय हैं जिन पर विधि बनाने का अधिकार केन्द्र व राज्य दोनों को प्राप्त हैं। ऐसे विषय समवर्ती सूची में रखे गये हैं, किन्तु यहां यह भी उल्लेखनीय है कि केन्द्र व राज्य द्वारा निर्मित विधि में अन्तर्विरोध की स्थिति में केन्द्र द्वारा बनायी गई विधि प्रभावी मानी जाती है। इन तीनों सूचियों के अतिरिक्त अन्य अवशिष्ट विषयों पर विधि बनाने का एकांतिक अधिकार केन्द्र सरकार को प्रदान किया गया है। साइबर कानून अवशिष्ट विषय है अर्थात् इसका उल्लेख तीनों अनुसूचियों में नहीं किया गया है।

57. **1946 में, संविधान सभा के उद्घाटन सत्र में अध्यक्ष के रूप में किसने अध्यक्षता की थी?**
(a) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (b) डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा
(c) सी. राजगोपालाचारी (d) जे. बी. कृपलानी

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans : (b)** कैबिनेट मिशन योजना के द्वारा सुझाए गए प्रस्तावों के तहत नवंबर 1946 में संविधान सभा का गठन हुआ। 9 दिसम्बर, 1946 को संविधान सभा की पहली बैठक हुई, जिसमें वरिष्ठ सदस्य डा. सच्चिदानन्द सिन्हा को सभा का अस्थाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 11 दिसम्बर, 1946 को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को स्थाई अध्यक्ष, एच. सी. मुखर्जी को उपाध्यक्ष तथा सर बी. एन. राव को संवैधानिक सलाहकार नियुक्त किया गया है।

**58. प्राचीन गणित पुस्तक ''सुल्वा सूत्र''............द्वारा लिखी गई थी।**

(a) आर्यभट्ट (b) ब्रह्मगुप्त
(c) भास्कराचार्य (d) बौधायन

**Ans : (d)** प्राचीन गणित पुस्तक सुल्वा सूत्र बौधायन द्वारा (लगभग 800 ई. पू.) लिखी गयी थी, इन सूत्रों से पाइथागोरस प्रमेय की उत्पत्ति मिल जाती है।

**59. निम्नलिखित में से कौन सा लोक नृत्य जम्मू और कश्मीर राज्य से संबंधित है?**

(a) गिद्दा (b) कोली
(c) धूमल (d) छऊ

**Ans : (c)**

| लोकनृत्य | | राज्य |
|---|---|---|
| गिद्दा | - | पंजाब |
| कोली | - | महाराष्ट्र |
| धूमल | - | जम्मू कश्मीर |
| छऊ | - | पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, झारखण्ड |

**60. निम्नलिखित में से कौन सा बिहार राज्य में प्रचलित लोक रंगमंच का रूप है?**

(a) जात्रा (b) झूमर
(c) तमाशा (d) बिदेशिया

**Ans : (d)** विदेशिया अथवा बिदेशिया बिहार राज्य में प्रचलित लोक रंगमंच/नृत्य शैली है। इसकी शुरूआत बिहारी ठाकुर ने की थी। इसका उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक एवं पारिवारिक विषमताओं को उजागर करते हुए बुराइयों को समाप्त करने के लिए नीति एवं मर्यादा का उपदेश देना भी है।

**61. आभूषण ''जोशान'' शरीर में ........ पर पहना जाता है।**

(a) सिर (b) नाक
(c) बाँह (d) पैर की उंगली

**Ans : (c)** आभूषण ''जोशान'' शरीर में बाँह पर पहना जाता है।

**62. कौन से प्रसिद्ध सूफी संत को चिराग-ए-दिल्ली के रूप में जाना जाता है?**

(a) बख्तियार काकी (b) निजामुद्दीन औलिया
(c) शेख नसीरूद्दीन महमूद (d) अमीर खुसरो

**Ans : (c)** प्रसिद्ध सूफी संत शेख नसीरूद्दीन महमूद को चिराग-ए-दिल्ली के रूप में जाना जाता है। वे निजामुद्दीन औलिया के मुरीद थे। नसीरूद्दीन महमूद 'चिश्ती' संप्रदाय के संत थे। इनका जन्म 1274 में अयोध्या, उत्तर प्रदेश में हुआ था। 1356 ई. में इनकी मृत्यु हो गयी।

**63. लखनऊ में आयोजित 2017 सैयद मोदी इंटरनेशनल ग्रां प्री गोल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप का पुरूष एकल खिताब किसने जीता था?**

(a) श्रीकांत किदंबी (b) पी. कश्यप
(c) समीर वर्मा (d) सौरभ वर्मा

**Ans : (c)** लखनऊ में आयोजित वर्ष 2017 में सैय्यद मोदी इंटरनेशनल ग्रां. प्री गोल्ड बैडमिंटन चैम्पियनशिप का पुरुष एकल– समीर वर्मा, महिला एकल– पी. वी. सिन्धु, पुरुष युगल– मथायस बोए व कार्सटन मोगेनसेन, महिला युगल– कैमिल रीटर जुहल व क्रिस्टिना पैडरसन, मिश्रित युगल– प्रणव जेरी चोपड़ा व एन सिक्की रेड्डी ने खिताब जीता है।

**64. 2018 में, फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट..........में आयोजित किया जाएगा।**

(a) ब्राजील (b) जर्मनी
(c) रूस (d) फ्रांस

**Ans : (c)** वर्ष 2018 में 21वां विश्व कप फुटबाल टूर्नामेंट रूस में आयोजित किया जाएगा, इसका शुभंकर **भेड़िया** होगा तथा वर्ष 2022 में 22वां विश्व कप फुटबाल कतर में आयोजित किया जाएगा।

**65. देश के 50 से अधिक वर्षों के गृहयुद्ध को समाप्त करने के अपने प्रयासों के लिए, किसको नोबेल शांति पुरस्कार 2016 से सम्मानित किया गया था?**

(a) ओलिवर हार्ट (b) जुआन मैनुअल सैंटोस
(c) बॉब डिलन (d) योशिनोरी ओसुमी

**Ans : (b)** वर्ष 2016 का शान्ति का नोबेल पुरस्कार कोलम्बिया के राष्ट्रपति जुआन मैनुअल सैंटोस को प्रदान किया गया। उन्हें यह पुरस्कार कोलंबिया में 52 वर्षों से चल रहे गृह युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया है।

**66. ''प्लेइंग इट माई वे'' के रूप में किस महान बल्लेबाज की आत्मकथा लिखी गई है?**

(a) सुनील गावस्कर (b) ब्रायन लारा
(c) राहुल द्रविड़ (d) सचिन तेंदुलकर

**Ans : (d)** 'प्लेइंग इट माई वे' क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेन्दुलकर की आत्मकथा है। इस पुस्तक के लेखक सचिन तेन्दुलकर और बोरिया मजूमदार हैं। इस पुस्तक को 'लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड्स' में शामिल किया जा चुका है।

**67. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रैल 2017 में, उड़े देश का आम नागरिक (UDAN) योजना के तहत............के लिए पहली क्षेत्रीय उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।**

(a) मुंबई-नांदेड़ (b) शिमला-दिल्ली
(c) मुंबई-शिरडी (d) दिल्ली-नैनीताल

**Ans : (b)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अप्रैल 2017 में, उड़े देश का आम नागरिक (UDAN) योजना के तहत शिमला से दिल्ली के लिए पहली क्षेत्रीय उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यह योजना वायु मार्ग के माध्यम से छोटे शहरों के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा। इसके तहत कम इस्तेमाल होने वाले 50 हवाई अड्डों को प्रयोग में लाये जाने की योजना है।

Adda247
GET IT ON Google Play

68. भारत के फाइनल में ............. को हराकर 2016 जूनियर विश्व कप हॉकी जीता था, जो दिसंबर, 2016 में लखनऊ में आयोजित किया गया था।
(a) ऑस्ट्रेलिया (b) नीदरलैंड
(c) बेल्जियम (d) जर्मनी

**Ans : (c)** भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराकर 'जूनियर विश्व कप हॉकी-2016' का खिताब जीत लिया। इस टूर्नामेन्ट का फाइनल मैच लखनऊ के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेला गया।

69. जनगणना 2011 के अनुसार, उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से कौन से जिले में साक्षरता दर सबसे अधिक है?
(a) इलाहाबाद (b) गौतम बुद्ध नगर
(c) गोरखपुर (d) मुरादाबाद

**Ans : (b)** जनगणना 2011 के अंतिम आँकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश की साक्षरता 67.7% है। इसमें पुरुष साक्षरता 77.3% और स्त्री साक्षरता 57.2% है।
सर्वाधिक साक्षरता के दृष्टिकोण से उ. प्र. के 5 जिले व साक्षरता का प्रतिशत–
1. गौतम बुद्ध नगर – 80.12%
2. कानपुर नगर – 79.71%
3. औरैया – 78.95%
4. इटावा – 78.41%
5. गाजियाबाद – 78.1%

70. एक प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल नैमीषारण्य, उत्तर प्रदेश के...............जिले में स्थित है।
(a) लखीमपुर खीरी (b) लखनऊ
(c) सीतापुर (d) हरदोई

**Ans : (c)** एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नैमिषारण्य, उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में है। यह धार्मिक स्थल लखनऊ से 80 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। यह स्थल गोमती नदी के बायें तट पर स्थित है। इसे 88000 ऋषियों की तपो-स्थली के रूप में जाना जाता है।

71. महाराष्ट्र में नई शिक्षा और सामाजिक सुधार के एक उत्कृष्ट कार्यकर्ता गोपाल हरि देशमुख थे, जो बाद में .................के उपनाम से प्रसिद्ध हुए थे।
(a) लोकमान्य (b) लोकहितवादी
(c) लोकप्रिय (d) लोकनायक

**Ans : (b)** महाराष्ट्र में नई शिक्षा और सामाजिक सुधार में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कार्यकर्ता गोपाल हरिदेशमुख को लोकहितवादी उपनाम से भी जाना जाता है।
- प्रसिद्ध उग्रवादी नेता बालगंगाधर तिलक को 'लोकमान्य' उपनाम से जाना जाता है।
- बिहार के जयप्रकाश नारायण को 'लोकनायक' कहा जाता है।

72. कौन से मुगल सम्राट को "जिन्दा पीर" माना जाता था?
(a) अकबर (b) औरंगजेब
(c) शाहजहां (d) बाबर

**Ans : (b)** मुगल सम्राट औरंगजेब को 'जिन्दा पीर' कहा जाता था। औरंगजेब का पूरा नाम मुहीउद्दीन मोहम्मद औरंगजेब था।
- बाबर को मुगल साम्राज्य का संस्थापक माना जाता है।
- शाहजहाँ को स्थापत्य का मोती कहा जाता है।
- अकबर को एक उदारवादी मुगल सम्राट कहा जाता है। इसने 'दीने-इलाही (दीन-ए-इलाही)' धर्म चलाया था।

73. ............ एक मुस्लिम राष्ट्रीय विद्वान थे जिन्होंने काहिरा में शिक्षा प्राप्त की थी और अपने अखबार अल हिलाल का प्रकाशन किया और प्रमुख राष्ट्रीय नेता बने थे।
(a) मौलाना अबुल कलाम आजाद
(b) मौलाना मोहम्मद अली
(c) मोहम्मद अली जिन्ना
(d) मौलाना जफर अली खान

**Ans : (a)**

| समाचार-पत्र | | संस्थापक |
|---|---|---|
| अल हिलाल, अलबिलाग | – | मौलाना अबुल कलाम आजाद |
| कामरेड, हमदर्द | – | मुहम्मद अली जिन्ना |
| प्रताप | – | गणेश शंकर विद्यार्थी |
| हिन्दू पैट्रियाट | – | हरिश्चन्द्र मुखर्जी |
| अमृत बाजार पत्रिका | – | मोतीलाल घोष |
| बम्बई दर्पण | – | बाल शास्त्री |

74. कौन से अधिनियम के विरुद्ध, 1919 में गांधीजी ने सत्याग्रह सभा प्रारंभ की थी, और जिसके सदस्यों ने इस अधिनियम की अवज्ञा करने की प्रति वचन लिया था?
(a) स्टाम्प अधिनियम
(b) रोलेट अधिनियम
(c) भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
(d) भारत सरकार अधिनियम

**Ans : (b)** भारत में बढ़ रही क्रांतिकारी गतिविधियों को कुचलने के लिए सरकार ने सिडनी रौलेट की अध्यक्षता में बनी समिति की सिफारिश पर सन् 1919 में एक कानून पारित किया जिसे रौलेट एक्ट कहा गया।
गांधी जी ने इस कानून को 'काला कानून' कहा और इसके विरुद्ध सत्याग्रह करने का संकल्प लिया।

75. खान अब्दुल गफ्फार खान के नेतृत्व में, पठानों ने खुदाई खिदमतगार समाज की स्थापना की थी, जिसे लोकप्रिय रूप से................कहा जाता है।
(a) नीली कुर्ती (b) पीली कुर्ती
(c) लाल कुर्ती (d) सफेद कुर्ती

**Ans : (c)** खान अब्दुल गफ्फार खाँ को 'सीमान्त गाँधी' भी कहा जाता है। भारत के पश्चिमोत्तर प्रांत के क्षेत्रों में इनके नेतृत्व में एक आंदोलन चलाया गया जिसे लाल कुर्ती आंदोलन कहा गया। इस लाल कुर्ती आंदोलन कहने के पीछे कारण यह था कि ये आंदोलनकारी पठान 'लाल कपड़ा' पहने रहते थे।

Adda247
GET IT ON Google Play

## भाग-4 : गणित

**76. एक कार का मूल्य एक स्कूटर के मूल्य से 300% अधिक है। यदि कार के मूल्य में 15% की वृद्धि और स्कूटर के मूल्य में 20% की वृद्धि होती है, तो 10 कार और 8 स्कूटर के कुल मूल्य में हुई वृद्धि है:**

(a) $13\frac{1}{3}\%$ (b) $16\frac{}{3}\%$
(c) $15\frac{}{6}\%$ (d) $18\frac{}{6}\%$

**Ans : (c)** माना स्कूटर का मूल्य = ₹100
∴ कार का मूल्य = ₹400
वृद्धि के बाद स्कूल का मूल्य $= 100 \times \frac{120}{100} =$ ₹120
कार का मूल्य $= 400 \times \frac{115}{100} =$ ₹460
10 कार तथा 8 स्कूटर का मूल्य $= 10 \times 460 = 4600$
$8 \times 120 = 960$
$\therefore$ वृद्धि $= (4600 + 960) - (4000 + 800)$
$= 5560 - 4800$
$= 760$
वृद्धि प्रतिशत $= \frac{760}{4800} \times 100$
$= \frac{760}{48} = \frac{95}{8} = 15\frac{5}{6}\%$

**77. एक व्यक्ति एक वस्तु को 10% के लाभ पर बेचता है। यदि वह इसे 10% कम मूल्य पर खरीदता और ₹4 कम पर बेचता तो उसे $11\frac{1}{9}\%$ का लाभ होता है। वस्तु का आरंभिक क्रयमूल्य है:**

(a) 32 (b) 36
(c) 40 (d) 48

**Ans : (c)** माना वस्तु का क्रयमूल्य = ₹x
10% लाभ पर वि0मू0 $= x \times \frac{110}{100} = \frac{11x}{10}$
नया क्रयमूल्य $= x \times \frac{90}{100} = \frac{9x}{10}$
नया विक्रयमूल्य $= \frac{9x}{10}\left(1 + \frac{100}{9 \times 100}\right) \quad \frac{9x}{10} \quad \frac{10}{9} =$ ₹x
प्रश्न से,
$x - 4 = \frac{9x}{10}$
$x \quad \frac{9x}{10} \quad 4$
$\frac{x}{10} \quad 4$
$x = 40$
अतः वस्तु का आरंभिक क्रयमूल्य = ₹40

**78. मानव ने दो वस्तुएँ ₹1008 में खरीदी। उसने एक को 20% हानि पर तथा दूसरी को 44% के लाभ पर बेच दिया। दोनों वस्तुओं का विक्रय मूल्य समान था। जिस वस्तु को लाभ पर बेचा गया उसका क्रयमूल्य था:**

(a) ₹648 (b) ₹568
(c) ₹440 (d) ₹360

**Ans : (d)** माना लाभ पर बेचे गए वस्तु का क्रयमूल्य = ₹x
हानि पर बेचे गए वस्तु का क्रयमूल्य = (1008–x)
प्रश्न से,
$x \times \frac{80}{100} = (1008 - x) \times \frac{144}{100}$
$5x = (1008 - x) \times 9$
$5x = 9072 - 9x$
$14x = 9072$
$x = 648$
लाभ पर बेचा गया वस्तु का क्रयमूल्य $= 1008 - 648 = 360$

**79. एक व्यक्ति अपने सामान को 15% के लाभ पर बेचता है। हाल में, समान के क्रय मूल्य में 30% की कमी और विक्रय मूल्य में 29% की कमी हो जाती है। अब उसका लाभ प्रतिशत लगभग है:**

(a) 15.8 (b) 16.8
(c) 17.8s (d) 18.2

**Ans : (b)** माना वस्तु का क्रयमूल्य = ₹100
15% लाभ पर वि.मू. = ₹115
30% कमी पर क्र.मू. = ₹70
तथा 29% कमी पर वि.मू. $= 115 \times \frac{(100 - 29}{100} = \frac{23 \quad 71}{20}$
$= \frac{1633}{20}$
$\therefore$ लाभ $\frac{1633}{20} \quad 70 = \frac{1633 \quad 1400}{20} = \frac{233}{20}$
$\therefore$ लाभ% $= \frac{\frac{233}{20}}{70} \times 100 = \frac{233}{20 \times 70} \times 100$
$= \frac{233}{14} = 16.64\%$

**80. $(23^{19} + 19^{19})$ और $(23^{23} + 19^{23})$ का एक सार्व गुणनखंड है:**

(a) 9 (b) 12
(c) 19 (d) 21

**Ans : (d)** हम जानते हैं कि $(x^n + y^n)$ में n = विषम हो तो संख्या x + y से पूर्णतः विभाज्य होगी।
$\therefore (23^{19} + 19^{19})$ में 19 = विषम होने पर संख्या $23 + 19 = 42$ से पूर्णतः विभक्त होगी।
तथा $(23^{23} + 19^{23})$ में 23 = विषम होने पर संख्या 23 + 19= 42 से पूर्णतः विभाज्य होगी।
$\therefore$ अतः 42 का सार्वगुणनखंड = 21 होगी।

**81. $N = 3^5 \times 5^3 \times 7^2$ के सभी गुणनखंडों की संख्या है:**

(a) 10 (b) 15
(c) 72 (d) 105

Adda247
GET IT ON Google Play

**Ans : (c)** $N = 3^5 \times 5^3 \times 7^2$ के सभी गुणनखंडों की संख्या $= (5+1) \times (3+1) \times (2+1)$
$= 6 \times 4 \times 3 = 72$

**82. A और B, 2:1 के अनुपात में कमाते है, 5:3 के अनुपात में खर्च करते है और 4:1 के अनुपात में बचत करते है। यदि उन दोनों की कुल मासिक बचत ` 50000 है, तो उनकी आयों में अंतर है:**

(a) ` 63000 (b) ` 70000
(c) ` 126000 (d) ` 140000

**Ans : (b)** A की मासिक बचत $= \frac{4}{4+1} \times 50000$
$= 4 \times 10000 =$ `40000
B की मासिक बचत = `10000
माना A तथा B की आय = 2x तथा x
तथा व्यय = 5y तथा 3y
प्रश्न से,
आय – व्यय = बचत
$2x - 5y = 40000$ ........(i)
$x - 3y = 10000$ .......(ii)
समी. (i) ......(ii) × 2 से
$2x - 5y = 40000$
$2x - 6y = 20000$
± + ±
$y = 20000$
$\therefore x = 70000$
अतः A की आय (2x) = 2 × 70000 = 140000
B की आय (x) = 70000
अंतर = 14000 – 70000 = `70000

**83. `12540 की एक धनराशि को A, B और C में इस प्रकार बाँटा जाता है कि A के भाग और B तथा C के मिलाकर भाग में अनुपात 3:7 है और B के भाग और A तथा C के मिलाकर भाग में अनुपात 2:9 है। C का भाग क्या है?**

(a) ` 2280 (b) ` 3762
(c) ` 6389 (d) ` 6498

**Ans : (d)** प्रश्न से,
$A : (B + C) = 3 : 7$
$\therefore$ A का भाग $= \frac{A}{A+(B+C)} \times 12540$
$= \frac{3}{10} \times 12540$
$= 3762$
पुनः
$B : (A + C) = 2 : 9$
B का भाग $= \frac{B}{B+(A+C)} \times 12540$
$= \frac{2}{11} \times 12540 = 2280$
अतः C का भाग = 12540 – (3762+ 2280)
= 12540 – 6042 = 6498

**84. किसी कक्षा के सभी विद्यार्थियों का औसत भार 43 किग्रा है। चार और विद्यार्थी जिनके भार 43 किग्रा, 36.5 किग्रा, 39.5 किग्रा और 42 किग्रा हैं, कक्षा में सम्मिलित हो जाते हैं। अब उनका औसत भार पहले से 500 ग्राम कम हो जाता है। आरंभ में विद्यार्थियों की संख्या है :**

(a) 20 (b) 22
(c) 24 (d) 28

**Ans : (*)** माना विद्यार्थियों की संख्या = a
प्रश्न से,
$\frac{43a+(43+36.5+39.5+42}{a+4} \quad 43 \quad \frac{1}{2}$
$43a \quad 161 \quad \frac{85}{}(a \quad 4)$
$\Rightarrow 86a + 322 = 85a + 340$
$a = 340 - 322$
$= 18$
अतः आरंभ में विद्यार्थियों की संख्या = 18

**85. 24000 की धन राशि पर 12% वार्षिक दर से $1\frac{1}{4}$ वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज, जबकि ब्याज प्रति पांच महीने बाद संयोजित होता है, निम्न है :**

(a) ` 2522 (b) ` 3246
(c) ` 3783 (d) ` 5044

**Ans : (c)** मूलधन = 24000
दर = 12%
समय $= 1\frac{1}{4}$ वर्ष $\frac{}{4}$ वर्ष
ब्याज प्रति पाँच महीने बाद संयोजित होने
पर चक्रवृद्धि ब्याज $24000 \left(1 \quad \frac{12 \times \frac{5}{12}}{100}\right)^{\frac{5}{4} \times \frac{12}{5}} \quad 1$
$24000 \left(1 \quad \frac{1}{20}\right)^3 \quad 1$
$24000 \left(\frac{21}{20}\right)^3 \quad 1$
$24000 \quad \frac{9261}{8000} \quad 1$
$= 24000 \quad \frac{9261-8000}{8000}$
$= 3 \times 1261$
$= 3783$

**86. यदि x, y और z धनात्मक संख्याएँ है और $(x^2 + y^2) : (y^2 + z^2) : (z^2 + x^2) = 13 : 25 : 20$ है, तो x : y: z =**

(a) 2:3:4 (b) 3:2:4
(c) 4:3:2 (d) 2:4:3

Ans : (a)

$(x^2+y^2):(y^2+z^2):(z^2+x^2)=13:25:20$

$x^2+y^2=4+9=(2)^2+(3)^2$

$y^2+z^2=9+16=(3)^2+(4)^2$

$z^2+x^2=16+4\ (4)^2+(2)^2$

$\therefore x:y:z=2:3:4$

**87. किसी राशि पर 2 वर्ष के लिए 10% वार्षिक दर से चक्रवृद्धि ब्याज `2100 है। उसी राशि पर दुगुने समय के लिए उसी ब्याज दर पर कितना साधारण ब्याज होगा?**

(a) ` 3600 (b) ` 4000

(c) ` 4100 (d) ` 4200

**Ans : (b)** मूलधन = x रूपये

समय = 2 वर्ष

दर = 10%

चक्रवृद्धि ब्याज = `2100

चक्रवृद्धि ब्याज = मूलधन $\left(1+\frac{\text{दर}}{100}\right)^{\text{समय}}$ -1

$2100\quad x\ \left(1\quad\frac{10}{100}\right)^2\quad 1$

$\Rightarrow 2100=x\left(\frac{11}{10}\right)^2-1$

$2100\quad x\ \frac{121}{100}\quad 1$

$\Rightarrow 2100=x\ \frac{121-100}{100}$

$\Rightarrow 2100=x\times\frac{21}{100}$

x = `10,000

दुगुना समय पर साधारण ब्याज = $\frac{\text{मू0}\quad\text{समय}\quad\text{दर}}{100}$

$=\frac{10000\quad 4\quad 10}{100}$

= `4000

**88. चावल के एक मिश्रण को `30 प्रति किग्रा की दर से बेचा जाता है। यह मिश्रण `21 प्रति किग्रा तथा `25.20 प्रति किग्रा वाले दो प्रकार के चावलों को मिलाने से बना है। मिश्रण में इन दो प्रकार के चावल का क्या अनुपात है, यदि चावल बेचने पर 25% का लाभ है?**

(a) 2:5 (b) 3:2

(c) 1:2 (d) 3:5

**Ans : (a)** मिश्रण का क्रयमूल्य $=\frac{30}{(100+25)}\times100$

$=\frac{30}{125}\times100$

= `24 प्रति किग्रा

मिश्रण के नियम से,

I II

21 25.20

24

25.20-24 24-21

= 1.20 = 3

$\therefore$ अनुपात = 1.20 : 3

= 2 : 5

**89. दो विभिन्न बर्तनों के मिश्रणों में पानी और अल्कोहल का अनुपात 2:3 और 4:5 है। इन दो मिश्रणों को किस अनुपात में मिलाया जाए जिससे नये मिश्रण में अल्कोहल $58\frac{1}{3}$% हो?**

(a) 3:4 (b) 4:3

(c) 3:5 (d) 5:3

**Ans : (d)** नये मिश्रण में अल्कोहल का प्रतिशत $=58\frac{1}{3}\%$

$=\frac{175}{3}\%$

अल्कोहल पानी और अल्कोहल का अनुपात

$=\left(100-\frac{175}{3}\right):\frac{175}{3}$

= 125 : 175

= 5 : 7

मिश्रण के नियम से,

I II

अल्कोहल $\frac{3}{5}$ $\frac{5}{9}$

$\frac{7}{12}$

$\frac{7}{12}-\frac{5}{9}$ $\frac{3}{5}-\frac{7}{12}$

$=\frac{21\quad 20}{36}$ $=\frac{36\quad 35}{60}$

= 60 36

अनुपात = 60 : 36


= 5 : 3

Adda247
GET IT ON Google Play

**90.** **दो स्थानों P और Q के बीच की दूरी 56 किमी है। A तथा B, P से Q की ओर क्रमशः 4 किमी/घंटा और 3 किमी/घंटा की चाल से चलना प्रारंभ करते है। A, Q पर पहुंचकर तुरंत वापिस मुड़ता है और B को स्थान R पर मिलता है। P और R के बीच की दूरी है:**

(a) 32 किमी (b) 40 किमी
(c) 48 किमी (d) 52 किमी

**Ans : (c)**




A की चाल = 4 किमी/घंटा
B की चाल = 3 किमी/घंटा
दूरी = चाल × समय
$56 \times 2 = t \times V_A + t \times V_B$
$\Rightarrow 112 = 4t + 3t \Rightarrow 112 = 7t \Rightarrow t = 16$
अतः P तथा R के बीच की दूरी = B द्वारा तय की गई दूरी
$= 3 \times 16 = 48$ किमी.

**91.** **80 मी और 120 मी की लंबाई वाली दो रेलगाड़ियाँ, जिनकी चाल 25 किमी/घंटा और 35 किमी/घंटा है, समांतर पटरियों पर एक ही दिशा में चल रही है। एक दूसरे को पार करने में उनको कितने सेकंड लगेंगे?**

(a) 40 (b) 45
(c) 60 (d) 72

**Ans : (d)** दोनों रेलगाड़ियों की सापेक्षिक चाल

$(35 \quad 25)\frac{}{18} = \frac{50}{18}$ मी./से.

दोनों रेलगाड़ियों द्वारा तय की गई सापेक्ष दूरी
$= 80 + 120 = 200$ मीटर

एक दूसरे को पार करने में लगा समय $= \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}$

$= \frac{200}{\frac{50}{18}} = \frac{200 \quad 18}{50} = 72$ सेकण्ड

**92.** **पांच पुरुष एक काम को 12 दिन में कर सकते है जबकि 10 महिलाएँ उसी काम को 8 दिन में कर सकती हैं। 3 पुरुष और 4 महिलाएँ मिलकर उस काम को कितने दिनों में पूरा करेंगे?**

(a) 9 (b) 10
(c) 12 (d) 15

**Ans : (b)** $5M \times 12 = 10 F \times 8$
$= 3M = 4F$
अब $M_1D_1 = M_2D_2$ से,
$10 F \times 8 = (4F + 4F) \times x$
X = 10 दिन
अतः 3 पुरुष तथा 4 महिलाएँ मिलकर उस काम को 10 दिन में पूरा करेंगे।

**93.** **A और B अलग अलग एक काम को क्रमशः 20 दिन और 30 दिन में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने मिलकर कुछ दिन काम किया, उसके पश्चात B काम छोड़कर चला गया। यदि A ने अकेले ही शेष काम को 5 दिन में पूरा किया हो, तो B ने कितने दिन काम किया?**

(a) 4 दिन (b) 6 दिन
(c) 8 दिन (d) 9 दिन

**Ans : (d)** माना B, x दिन तक काम किया।
अतः A को पूरा करने में लगा समय (x +5) दिन
∴ प्रश्न से,

$\frac{x+5}{20} \quad \frac{x}{30} \quad 1$

$\frac{3x \quad 15 \quad 2x}{60} \quad 1$

$5x = 60 - 15$

$x \quad \frac{45}{} \quad 9$

अतः B ने 9 दिन काम किया।

**94.** **B और C मिलकर एक काम को जितने दिन में करते हैं, उतने दिन में A अकेले ही उस काम को कर सकता है यदि A और B मिलकर उस काम को 10 दिन में कर सकते हैं और C अकेले उस काम को 50 दिन में कर सकता है, तो B अकेले उस काम को कितने दिन में करेगा?**

(a) 18 दिन (b) 20 दिन
(c) 25 दिन (d) 30 दिन

**Ans : (c)** B + C = A
A + B = 10
C = 50
C = A – B
A – B = 50

(A+B) का 1 दिन का काम $= \frac{1}{10}$

(A–B) का 1 दिन का कार्य $= \frac{1}{50}$

$A + B + A - B = \frac{1}{10} + \frac{1}{50}$

$2A \Rightarrow \frac{5 \quad 1}{50} = \frac{6}{50}$

$A = \frac{3}{50}$

$B = \frac{1}{10} - \frac{3}{50}, \; B = \frac{5 \quad 3}{50} = \frac{2}{50}$

$= \frac{1}{}$ अतः B पूरा कार्य 25 दिन में समाप्त करेगा।

**95.** **दो भिन्नों का गुणनफल $\frac{14}{15}$ और उनका भागफल $\frac{35}{24}$ है। इन भिन्नों में छोटी भिन्न है :**

(a) $\frac{}{}$ (b) $\frac{4}{}$

(c) $\frac{3}{}$ (d) $\frac{}{}$

**Ans : (b)** माना दो भिन्न क्रमशः x तथा y है।
प्रश्न से,

$$xy = \frac{14}{15}$$

$$\therefore x = \frac{14}{15y} \text{........(1)}$$

पुनः

$$\frac{x}{y} = \frac{35}{24}$$

समी. (1) से

$$\frac{14}{15y \times y} = \frac{35}{24}$$

$$y^2 = \frac{24 \quad 14}{35 \quad 15}$$

$$y \quad \frac{4}{}$$

$$x \quad \frac{}{6}$$

$\therefore$ छोटी भिन्न $\frac{4}{}$

**96. जब 64329 को x से भाग दिया जाता है, तो उत्तरोत्तर शेषफल 175, 114 तथा 213 है। x के अंकों का योग है :**

(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 11

**Ans : (c)** 64329 को x से भाग देने पर उत्तरोत्तर शेषफल क्रमशः 175, 114, 213 है।

```
x)64329(
  468
  1752
  1638
  1149
   936
   213
```

468, 1638, 936 संख्या 234 के अपवर्त्य है।
अतः निश्चित रूप से x का मान 234 होना चाहिए।
$\therefore$ अंकों का योगफल = 2 + 3 + 4 = 9

**97. 10000 के निकटतम वह संख्या, जो 3,4,5,6,7 तथा 8 से पूर्णत विभाज्य है, x है। x के दहाई के स्थान पर अंक है :**

(a) 3 (b) 4
(c) 7 (d) 8

**Ans : (d)** प्रश्न से,
3, 4, 5, 6, 7, तथा 8 का ल.स. = 840
$\therefore$ 10000 से निकटतम वह संख्या जो 840 से पूर्णतः विभाज्य है $\rightarrow$ 10080
अतः 10080 का दहाई अंक = 8

**98.** $\dfrac{3+\sqrt{6}}{5\sqrt{3}-2\sqrt{12}-\sqrt{32}+\sqrt{50}}+\sqrt{7-2\sqrt{3}}$ **का मान है:**

(a) 2 (b) 3
(c) $\sqrt{}$ (d) $\sqrt{3}$

**Ans : (*)** दिया गया है,

$$\frac{3+\sqrt{6}}{5\sqrt{3}-2\sqrt{12}-\sqrt{32}+\sqrt{50}}+\sqrt{7-2\sqrt{3}}$$

$$=\frac{3+\sqrt{6}}{5\sqrt{3}-2\sqrt{3}-4\sqrt{2}+5\sqrt{2}}+\sqrt{7-2\sqrt{3}}$$

$$=\frac{3+\sqrt{6}}{5\sqrt{3}-4\sqrt{3}-4\sqrt{2}+5\sqrt{2}}+\sqrt{7-2\sqrt{3}}$$

$$=\frac{3+\sqrt{6}}{\sqrt{3}+\sqrt{2}}+\sqrt{7-2\sqrt{3}}$$

$$=\frac{\sqrt{3}\left(\sqrt{3}+\sqrt{2}\right)}{\left(\sqrt{3}+\sqrt{2}\right)}+\sqrt{7-2\sqrt{3}} = \sqrt{3}+\sqrt{7-2\sqrt{3}}$$

**नोट–** $\sqrt{7-2\sqrt{3}}$ के स्थान पर $\sqrt{7-4\sqrt{3}}$ रहेगा, तो उत्तर के रूप में 2 प्राप्त होगा।

**99. दो संख्याओं का गुणनफल 2160 है और उनका म.स. (HCF) 12 है। इस तरह की संख्याओं के संभावित युग्मों की संख्या है:**

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans : (b)** माना संख्या क्रमशः x तथा y है।
म.स. = 12
$\therefore$ प्रश्न से,

$$12x \times 12y = 2160$$

$$144xy = 2160$$

$$xy = \frac{2160}{144}$$

$$xy = 15$$

युग्म = (1 × 15)
(3 × 5)
अतः संख्याओं के संभावित युग्मों की संख्या = 2

**100. A का वेतन B के वेतन से 20% कम है और C का वेतन A के वेतन से $56\frac{1}{4}$% अधिक है। B का वेतन C के वेतन से कितना प्रतिशत कम है?**

(a) 18 (b) 20
(c) 25 (d) 30

**Ans : (b)** माना B का वेतन = ` 100
$\therefore$ A का वेतन = ` 80

$$\text{C का वेतन} = 80\left(1+\frac{}{4 \times 100}\right) = 80 \times \frac{625}{400}$$

$$= 125$$

अतः B का वेतन C के वेतन से $\frac{125 \quad 100}{125} \times 100 = 20\%$ कम है।